भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 43 | बिजौलिया - गुरुवार,24 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

आरक्षण की लॉटरी ने तय की प्रधानों की तस्वीर

8 पंचायत समितियों में महिलाओं का दबदबा

फूलियाकलां एससी महिला, खजूरी एसटी महिला और करेड़ा ओबीसी महिला; जहाजपुर समेत 5 समितियां अनारक्षित महिला वर्ग में

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

कपिल श्याम विजय। पंचायती राज चुनाव से पहले बुधवार को हुई आरक्षण लॉटरी ने जिले की 16 पंचायत समितियों में प्रधान पद और 282 वार्डों के आरक्षण की तस्वीर साफ कर दी है। प्रधान पद के लिए 8 पंचायत समितियां महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुई हैं। वहीं वार्डों में एससी, एसटी, ओबीसी और अनारक्षित वर्ग के साथ महिला आरक्षण भी तय किया गया है। आरक्षण की घोषणा के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है।

8 पंचायत समितियों में महिला प्रधान

एससी महिलाः फूलियाकलां
एसटी महिलाः खजूरी
ओबीसी महिलाः करेड़ा
अनारक्षित महिलाः जहाजपुर, सहाड़ा, शाहपुरा, सुवाणा और मांडल।
वहीं शंभूगढ़ और बिजौलिया एससी ओपन, बनेड़ा एसटी ओपन, आसींद और हुरड़ा ओबीसी ओपन तथा कोटड़ी, मांडलगढ़ और रायपुर अनारक्षित ओपन वर्ग में आई हैं।

वार्डवार आरक्षण की पूरी तस्वीर

आसींद पंचायत समिति : 15 वार्ड

एससीः 6, 9 महिला
एसटीः 11
ओबीसीः 1, 2, 10 महिला
अनारक्षित सामान्यः 4, 7, 12, 15
अनारक्षित महिलाः 3, 5, 8, 13, 14

बनेड़ा : 17 वार्ड

एससीः 8, 16, 1 महिला
एसटीः 14
ओबीसीः 9, 13, 12 महिला
अनारक्षित सामान्यः 2, 3, 4, 17
अनारक्षित महिलाः 5, 6, 7, 10, 11, 15

बिजौलिया : 15 वार्ड

एससीः 6, 7 महिला
एसटीः 2, 4, 9, 10 महिला
ओबीसीः 15
अनारक्षित सामान्यः 1, 5, 8, 14
अनारक्षित महिलाः 3, 11, 12, 13

हुरड़ा : 17 वार्ड

एससीः 10, 17, 9 महिला
एसटीः 7
ओबीसीः 2, 13, 5 महिला
अनारक्षित सामान्यः 1, 12, 14, 16
अनारक्षित महिलाः 3, 4, 6, 8, 11, 15

जहाजपुर : 17 वार्ड

एससीः 3, 16, 10 महिला
एसटीः 9, 11, 12, 15 महिला
ओबीसीः 5
अनारक्षित सामान्यः 2, 6, 8, 13
अनारक्षित महिलाः 1, 4, 7, 14, 17

करेड़ा : 17 वार्ड

एससीः 8, 10, 11 महिला



एसटीः 17
ओबीसीः 3, 4, 6 महिला
अनारक्षित सामान्यः 1, 12, 14, 16
अनारक्षित महिलाः 2, 5, 7, 9, 13, 15

खजूरी : 15 वार्ड

एससीः 2, 8, 12 महिला
एसटीः 10, 11, 9 महिला
ओबीसीः 1
अनारक्षित सामान्यः 3, 4, 6
अनारक्षित महिलाः 5, 7, 13, 14, 15

कोटड़ी : 27 वार्ड

एससीः 2, 22, 26
एससी महिलाः 9, 23
एसटीः 4
एसटी महिलाः 5
ओबीसीः 6, 17, 27
ओबीसी महिलाः 16, 20
अनारक्षित सामान्यः 1, 3, 8, 10, 11, 13, 19
अनारक्षित महिलाः 7, 12, 14, 15, 18, 21, 24, 25
मांडल : 21 वार्ड
एससीः 3, 4
एससी महिलाः 12
एसटीः 11
ओबीसीः 6, 9
ओबीसी महिलाः 8, 21
अनारक्षित सामान्यः 1, 2, 5, 14, 17, 19
अनारक्षित महिलाः 7, 10, 13, 15, 16, 18, 20

मांडलगढ़ : 21 वार्ड

एससीः 4, 9
एससी महिलाः 2, 20
एसटीः 18
एसटी महिलाः 17
ओबीसीः 14, 15
ओबीसी महिलाः 10, 13
अनारक्षित सामान्यः 5, 7, 8, 11, 12, 19
अनारक्षित महिलाः 1, 3, 6, 16, 21

फूलियाकलां : 15 वार्ड

एससीः 9, 12
एससी महिलाः 8
एसटीः 15
ओबीसीः 2, 3
ओबीसी महिलाः 11
अनारक्षित सामान्यः 4, 13, 14
अनारक्षित महिलाः 1, 5, 6, 7, 10

रायपुर : 15 वार्ड

एससीः 14
एससी महिलाः 4
एसटीः 7
ओबीसीः 1, 9
ओबीसी महिलाः 2
अनारक्षित सामान्यः 8, 10, 11, 15
अनारक्षित महिलाः 3, 5, 6, 12, 13

सहाड़ा : 19 वार्ड

एससीः 1, 15
एससी महिलाः 10
एसटीः 8
ओबीसीः 7, 17
ओबीसी महिलाः 4
अनारक्षित सामान्यः 9, 11, 16, 18, 19
अनारक्षित महिलाः 2, 3, 5, 6, 12, 13, 14

शाहपुरा : 15 वार्ड

एससीः 2, 9
एससी महिलाः 6
एसटीः 4
एसटी महिलाः 10
ओबीसीः 3
ओबीसी महिलाः 15
अनारक्षित सामान्यः 5, 7, 11, 12
अनारक्षित महिलाः 1, 8, 13, 14

शंभूगढ़ : 15 वार्ड

एससीः 4, 7
एससी महिलाः 1
एसटीः 9
एसटी महिलाः 6
ओबीसीः 10
ओबीसी महिलाः 14
अनारक्षित सामान्यः 2, 3, 8, 11
अनारक्षित महिलाः 5, 12, 13, 15

सुवाणा : 27 वार्ड

एससीः 1, 12, 26
एससी महिलाः 7, 15
एसटीः 11
ओबीसीः 10, 21, 24
ओबीसी महिलाः 19, 22
अनारक्षित सामान्यः 4, 9, 13, 17, 18, 23, 27
अनारक्षित महिलाः 2, 3, 5, 6, 8, 14, 16, 20, 25

अब गांवों में शुरू होगा दावेदारों का गणित

प्रधान पद और वार्डों का आरक्षण तय होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी गतिविधियां तेज होने की संभावना है। महिला आरक्षित पंचायत समितियों में महिला दावेदारों की तलाश शुरू होगी, जबकि एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षित वार्डों में संबंधित वर्ग के संभावित प्रत्याशी सक्रिय होंगे। अब जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य पदों की सीटवार आरक्षण सूची का इंतजार है। इसके सामने आने के बाद गांव-गांव चुनावी समीकरण और दावेदारों की तस्वीर और स्पष्ट होगी।

वाटर पार्क के बाहर से बुलेट चोरी, पीछा कर वारदात को दिया अंजाम; बेचने से पहले ही दो शातिर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

पुर थाना पुलिस ने जून माह में नौगांवा स्थित वाटर पार्क के बाहर से चोरी हुई बुलेट बाइक की वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी की बुलेट को औने-पौने दाम में बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे थे, इसी दौरान पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बुलेट के साथ वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की है। पुर थाना पुलिस के अनुसार सांगानेरी गेट निवासी मोहम्मद आसिफ मेवाफरोश की बुलेट जून माह में नौगांवा वाटर पार्क के बाहर से चोरी हो गई थी। पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच एएसआई जमनालाल पंवार को सौंपी गई। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पूरी योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया था। दोनों आरोपी एक बाइक पर सवार होकर चित्तौड़गढ़ हाईवे स्थित चैंपियन कार क्षेत्र से ही आसिफ का पीछा करते हुए नौगांवा वाटर पार्क तक पहुंचे। आसिफ के बुलेट खड़ी कर वाटर पार्क में प्रवेश करते ही आरोपियों ने मौका पाकर बुलेट चोरी कर ली और मुजराज-कपासन



मार्ग से फरार हो गए।पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक चोरी की बुलेट बेचने की फिराक में स्वरूपगंज क्षेत्र में घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान सुनील रैगर पुत्र मिश्रीलाल रैगर निवासी अरनिया माली, निम्बाहेड़ा, चित्तौड़गढ़ और छोटू पुत्र हुकमचंद माली निवासी खिड़की दरवाजा, छोटी सादड़ी, प्रतापगढ़ के रूप में हुई। पूछताछ में दोनों ने बुलेट चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरी की बुलेट और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली। जांच में सामने आया कि इस्तेमाल की गई बाइक छोटू के भाई राहुल के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस के अनुसार आरोपी कभी हलवाई का काम तो कभी सब्जी बेचकर गुजारा करते थे, लेकिन कर्ज चुकाने के चक्कर में अपराध में उतर गए। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

अवैध बजरी पर पुलिस की कार्रवाई, चार वाहन जब्त

दो गिरफ्तार, खनन विभाग ने लगाया 20.50 लाख रुपए का जुर्माना





भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन । अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीगोद थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बनास नदी क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन में लगे चार वाहनों को जब्त किया। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी जय सुल्तान ने बताया कि खेरपुरा सरहद में कार्रवाई के दौरान एक जेसीबी मशीन, दो ट्रेलर एवं एक टिपर जब्त किया गया। मौके से देवकिशन गुर्जर निवासी खेरपुरा एवं शंभू गुर्जर निवासी थला श्रीपुरा को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस की सूचना पर खनन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। बिजौलिया माइनिंग विभाग के फोरमैन गिरिराज मीणा, जितेंद्र भारद्वाज एवं मनमोहन मीणा ने कार्रवाई करते हुए जब्त चारों वाहनों पर कुल 20 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

थाना प्रभारी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और आगे भी कार्रवाई की जाएगी।

मामूली कहासुनी के चलते बाइक सवार युवक को पहले पिकअप से मारी टक्कर, फिर सरिए से किया ताबड़तोड़ हमला

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र में बुधवार को बाइक पर जा रहें युवक को बदमाशों ने पहले पिकअप से टक्कर मारी फिर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान युवक के साथ बदमाशों में लाठी-सरियों से गम्भीर मारपीट की जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित को आनन-फानन में आसींद अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रारंभिक तौर पर सामने आया कि वॉटर कैन को लेकर कहासुनी हुई थी जिसके चलते युवक पर जानलेवा हमला हुआ है

घायल दिलखुश तेली ने बताया कि कस्बे के बीएसएनएल ऑफिस के पास वाटर सप्लाई करने वाले हरजी राम गुर्जर से वाटर केन को लेकर कहासुनी हो गई थीं। में बाइक पर जा रहा था इतने में उसने पहले मुझे पिकअप से टक्कर मारी फिर गाड़ी से सरिया निकाल कर मुझ पर ताबड़तोड़



हमला कर दिया। आरोपियों ने मेरे सिर और शरीर पर लोहे की रॉड से कई वार किए। घायल ने बताया कि हरजी राम के साथ दो अन्य जने और थे जिन्हें वह शक्ल से जानता है।

चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे, तो तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मौके पर उपस्थित लोगों ने लहू लुहान हालत में आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां से उसकी हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में घायल का इलाज जारी।

नेटबॉल में आकोला का दबदबा, छात्र-छात्रा दोनों वर्गों में पहला स्थान

गोविंदपुरा में चार दिन तक चला जिला स्तरीय मुकाबला, 27 टीमों के 321 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

खेल मैदान पर चार दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद बुधवार को विक्रमपुरा ग्राम पंचायत के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुरा में 70वीं उच्च प्राथमिक विद्यालय जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। 14 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग की इस प्रतियोगिता में जिलेभर से पहुंची 27 टीमों के 321 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। अंतिम परिणामों में आकोला की टीमों ने दोनों वर्गों में बाजी मारते हुए दोहरी सफलता हासिल की।

प्रतियोगिता में छात्र वर्ग की 17 और छात्रा वर्ग की 10 टीमों ने भाग लिया। छात्र वर्ग के फाइनल परिणाम में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय आकोला ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेतूरिया दूसरे और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केसरपुरा तीसरे स्थान पर रहा।

छात्रा वर्ग में भी राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय आकोला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उम्मीद स्कूल ऑफ एक्सीलेंस भीलवाड़ा ने दूसरा तथा पीएम श्री स्कूल बापूनगर ने तीसरा स्थान हासिल किया।

खिलाड़ियों को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र से नवाजा

समापन समारोह में मुख्य अतिथि नरेश मीणा रहे, जबकि अध्यक्षता मांडलगढ़ के पूर्व प्रधान एवं विधायक प्रत्याशी गोपाल मालवीय ने की। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले भामाशाहों का भी सम्मान किया गया। गोपाल मालवीय ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन जयंत जैन ने किया। इस दौरान संस्था प्रधान राजेंद्र यादव , पूर्व सरपंच शंकर मीणा, नरेश धाकड़, शिक्षक, खिलाड़ी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

डूंगरी के बालाजी मंदिर में 4 अक्टूबर से बहेगी भागवत ज्ञान गंगा

पितृ तर्पण एवं अर्चन के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुर कस्बे के श्री डूंगरी के बालाजी मंदिर परिसर में पितृपक्ष के अवसर पर 4 से 10 अक्टूबर तक श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ, पितृ तर्पण एवं अर्चन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर में समिति की बैठक हुई, जिसमें व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न समितियों का गठन किया गया। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मुकेश पलोड़ ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक होगी। कथा प्रवक्ता पं. अशोक व्यास श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कार्यक्रम संयोजक श्रवण सेन ने बताया कि 4 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे लक्ष्मीनाथ बड़ा मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकलेगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी।

जो हमे पसंद नहीं वह व्यवहार दूसरों के साथ मत करो-आचार्य रामदयालजी महाराज

आचार्य रामदयाल महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय विशेष आयोजन शुक्रवार से



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जो व्यवहार हमे अपने लिए पसंद नहीं उसे दूसरों के साथ कभी नहीं करे। सम्मान का अमृत अच्छा लगता है तो दूसरों को जहर का प्याला नहीं दे। आंसू नहीं पूछ सकते तो किसी को रूलाना भी नहीं चाहिए। जीवन में परमात्मा से कुछ नहीं छुपता इसलिए ऐसा कोई कार्य नहीं करे कि पछताना पड़े। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत बुधवार को नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सत्ता, सर्पति ओर शक्ति प्राप्त हो तो कभी उसका दुरूपयोग नहीं करना चाहिए। सत्ता का सदुपयोग करने वाला जन-जन में लोकप्रिय हो जाता ओर दुरूपयोग करने वाला धिक्कारा जाता है।आचार्य रामदयाल महाराज ने कहा कि महाप्रभु स्वामी रामचरण महाराज ने अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया है। हमारी वाणी से भी किसी की हिंसा नहीं होनी चाहिए। ऐसी कोई बात नहीं बोले जो अनर्थ का कारण बन जाए। हमेशा याद रखे कि मारने वाले से बचाना वाला बड़ा होता है। बचाने वाला राम होता है। राम गुरू जब तक हमारे हृदय में है कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। उन्होंने कहा कि हमारा आचरण ऐसा हो कि हमारे शब्दों ओर व्यवहार से किसी को आघात नहीं पहुंचे। बचाना ओर मारना तो परमात्मा के हाथ में है इसलिए हमेशा उसकी भक्ति में समर्पित रहे। आचार्यश्री ने जीव दया की प्रेरणा देते हुए कहा कि प्रत्येक जीव में परमात्मा का अंश है इसलिए किसी भी प्राणी को नहीं सताना चाहिए। मानवता के भाव हमेशा हमारे अंदर होने चाहिए। आचार्यश्री से पूर्व अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के प्रखर वक्ता संत मनोरथरामजी आलोट ने मानस प्रवचन दिया। प्रवचन के विश्राम पर श्रद्धालुओं द्वारा आचार्यश्री रामदयालजी महाराज की आरती की गई। विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत आचार्य रामदयाल महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय विशेष आयोजन शुक्रवार से होंगे। इसके तहत पहले दिन शुक्रवार सुबह रामस्नेही चिकित्सालय के भामाशाहों, नेत्रदान करने वालों के परिजनों एवं सेवा कार्यों में सहयोग करने वालों का आचार्यश्री के सानिध्य में सम्मान किया जाएगा। सांयकालीन आरती के बाद देश के विभिन्न स्थानों से आने वालें भक्तों द्वारा रामद्वारा धाम में भजन संध्या का आयोजन होगा। आचार्य रामदयालजी महाराज का अवतरण दिवस 26 सितम्बर को आनंदोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। रामद्वारा धाम में 27 सितम्बर को विराट संत सम्मेलन का आयोजन होगा। इसी दिन दोपहर 2 बजे एक पखवाड़े चलने वाले वाणीजी के सामूहिक पाठ का शुभारंभ होगा। वाणीजी का सामूहिक पाठ 28 सितम्बर से नियमित होगा। सत्संग में भीलवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। प्रतिदिन रामधुनी के साथ सुबह 8 से 9 बजे तक वाणीजी का पाठ हो रहा है। सुबह 9 से 10 बजे तक चातुर्मासिक प्रवचन हो रहे है। सूर्यास्त के समय संध्या आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

भीलवाड़ा नगर निगम की नई कमान, महापौर-उपमहापौर ने संभाला पदभार

जसवंत कंवर बोलीं शहर को प्रदेश का रोल मॉडल बनाएंगे, सोमानी ने कहा जनता के लिए सहज-सुलभ रहेंगे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनीत चपलोत

नगर निगम की निर्विरोध निर्वाचित महापौर जसवंत कंवर एवं उपमहापौर राधेश्याम सोमानी ने बुधवार को विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के बीच पदभार ग्रहण कर नगर निगम की नई कमान संभाल ली। दोनों प्रमुख पदों पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद बुधवार को निगम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं निगम अधिकारियों की मौजूदगी रही।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि महापौर कक्ष में सुबह 11.15 बजे पंडित आशुतोष शर्मा एवं पंडित अशोक व्यास ने मंत्रोच्चार के साथ जसवंत कंवर को पदभार ग्रहण कराया। इसके बाद उन्होंने विभागीय औपचारिकताएं पूरी कीं। उपमहापौर राधेश्याम सोमानी ने भी उपमहापौर कक्ष में विधि-विधान से कार्यभार संभाला।


इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, विधायक अशोक कोठारी, पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व महापौर राकेश पाठक सहित कई जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। निगम आयुक्त कमल सिंह यादव एवं निगम अधिकारियों- कर्मचारियों ने भी नवपदस्थापित महापौर व उपमहापौर का स्वागत किया।



विकास और जनसमस्याओं को प्राथमिकता

महापौर जसवंत कंवर ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा से निभाया जाएगा। पार्षदों, संगठन, आमजन एवं निगम परिवार के सहयोग से भीलवाड़ा को प्रदेश में रोल मॉडल बनाने का प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को गति देना और आमजन की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी।

उपमहापौर राधेश्याम सोमानी ने कहा कि नगर निगम के जनप्रतिनिधि आमजन के लिए सहज और सुलभ उपलब्ध रहेंगे। शहर की प्रमुख समस्याओं के समाधान के साथ नई योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जाएगा।



राजा बलराज भील की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पौधारोपण

पदभार ग्रहण से पहले महापौर एवं उपमहापौर ने निगम परिसर स्थित सगस जी एवं हनुमान जी देवस्थल के दर्शन किए। इसके बाद भील राजा बलराज भील की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया तथा निगम परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में विधायक लादूलाल पीतलिया सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खेलों से होता है विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकासः विधायक पीतलिया

70वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर

खेलों से छात्र अपना सर्वांगीण विकास करें। खेल के बिना विकास संभव नहीं है। ये विचार विधायक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लादू लाल पीतलिया ने मंगलवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय माणक नगर में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा कुश्ती प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि विधायक पीतलिया ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरोत्तम दाधीच ने की। विशिष्ट अतिथियों में डेलाणा प्रशासक धर्मचंद भील, राकेश शर्मा, सुरेश जाट, पूर्व प्रधानाध्यापक कैलाशचंद्र कचौलिया, भंवर बंजारा, बालमुकुंद वैष्णव, रमेश चंद्र वैष्णव और प्रकाश बंजारा , राहुल शर्मा आदि उपस्थित रहे।




समारोह में राष्ट्रीय रंगकर्मी एवं पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी भवानी शंकर भट्ट द्वारा नारी सम्मान पर आधारित नाटक की प्रस्तुति ने पूरे पांडाल को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक गोपाल सालवी और बहादुर बंजारा ने किया।

विभागीय प्रतिनिधि एवं पूर्व प्रधानाध्यापक नवरत्नमल सेन ने बताया कि जिले भर से कुल 168 छात्र-छात्राएं कुश्ती खिलाड़ी के रूप में प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन 26 सितंबर को होगा।

महाराणा प्रताप की जय के नारों के साथ शतरंज प्रतियोगिता का समापन

चार दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा, विजेताओं को किया सम्मानित





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

स्थानीय संस्कार भारती सी. सै. स्कूल में आयोजित चार दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हुआ। समारोह विधायक प्रतिनिधि जगदीश खंडेलवाल की अध्यक्षता तथा नगर पालिका अध्यक्ष स्नेहा मानव तिवारी एवं उपाध्यक्ष कुंवर सौभाग्य सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस दौरान महाराणा प्रताप की जय के नारों से माहौल उत्साहपूर्ण हो गया।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की। संस्कार भारती स्कूल के निदेशक आदर्श सोनी एवं सरस्वती विद्या मंदिर के निदेशक दिनेश वैष्णव ने अतिथियों का स्वागत किया। शिक्षाविद् घनश्याम सोनी ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेल एवं व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डाला तथा मोबाइल के सीमित उपयोग की सलाह दी।

प्रतियोगिता के अंडर-17 बालक वर्ग में विवेकानंद केंद्रीय स्कूल हुरड़ा के नमन माहेश्वरी, अंडर-17 बालिका वर्ग में महात्मा गांधी स्कूल हुरड़ा की कृष्णा सेनी, अंडर-19 बालिका वर्ग में इंडियन पब्लिक स्कूल शाहपुरा की सुगनी डांगी तथा अंडर-19 बालक वर्ग में संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस भीलवाड़ा के अर्णव प्रथम रहे।

बालिका वर्ग में इंडियन पब्लिक स्कूल शाहपुरा एवं महात्मा गांधी स्कूल हुरड़ा तथा बालक वर्ग में संगम स्कूल भीलवाड़ा एवं विवेकानंद स्कूल हुरड़ा की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार डॉ. डी.एस. मेहर एवं अशोक विजय टीवीएस की ओर से प्रदान किए गए।

समापन की विधिवत घोषणा का पत्रवाचन रमेश गुरुजी ने किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा, पार्षदों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं प्रतिभागी विद्यार्थी मौजूद रहे।



QUICK BITES

सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर जोगणियां माता जी मेवाड़ा कलाल समाज की बैठक कल

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

आंतरी,उपरमाल,खेराड़ व मेवाड़ क्षेत्र के मेवाड़ा कलाल समाज की आमसभा का आयोजन कल सुबह 10 बजे से जोगणियां माता जी स्थित मेवाड़ा समाज की धर्मशाला में समाज के

अध्यक्ष कन्हैया लाल मेवाड़ा की अध्यक्षता में किया जायेगा। यह आमसभा सुबह 10 बजे से शुरू होगी जो अध्यक्ष की अनुमति अनुसार जारी रहेगी। बैठक में आगामी सामुहिक विवाह सम्मेलन की रूपरेखा, तैयारियों को अंजाम देने,विवाह सम्मेलन की कमेटियों का गठन करने,विवाह स्थल को व्यवस्थित रूप प्रदान करने,लाइट डेकोरेशन, पेयजल,भोजन प्रबंध आदि विषयों को लेकर आमसभा में विस्तार से समाजजनों द्वारा प्रस्ताव पारित किए जाएंगे व सामुहिक विवाह सम्मेलन की सभी तैयारियो को मूर्त रूप प्रदान किया जायेगा। समाज के सचिव कमलेश मेवाड़ा धामन्चा ने बताया कि आमसभा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है व बैठक के उपरांत सभी समाजजनो के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

वरिष्ठ नागरिकों को अधिकारों की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में बुधवार को खेराडिया एवं लक्ष्मीखेड़ा गांव में वरिष्ठ नागरिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देश पर हुआ।

इस दौरान पीएलवी रामबाबू माथुर एवं अंजली नायक ने ग्रामीणों को वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पात्र वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था पेंशन सहित विभिन्न सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल सकता है। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को बैंकिंग सुविधाओं, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उपचार तथा यात्रा में मिलने वाली रियायतों के संबंध में जानकारी दी गई।

पीएलवी ने वरिष्ठ नागरिकों को माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम के तहत मिलने वाले कानूनी संरक्षण के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी वरिष्ठ नागरिक के साथ दुर्व्यवहार या प्रताड़ना होती है तो वे कानून की मदद ले सकते हैं। इसके अलावा पात्र लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध होने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में ग्रामीणों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तालुका विधिक सेवा समिति से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। दोनों गांवों में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कई लोग उपस्थित रहे।

70 वी जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में उदलियास विद्यालय के तीन बच्चे राज्य स्तर में चयन

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास



70 वी जिला स्तरीय तैराकी ओर वेटलिफ्टिंग में उदलियास के खिलाड़ियों ने 16 पदक जीते प्रधानाचार्य मीनाक्षी शर्मा शारीरिक शिक्षक राधेश्याम वैष्णव टीम प्रभारी सावित्री पारीक, नंद सिंह राठौड़ और नारायण लाल जाट ने बताया कि उदलियास विद्यालय के सांवरमल धोबी जानू रेगर और सुमन बलाई का राज्य स्तर पर चयन इस सत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उदलियास के छात्र और छात्राओं ने स्विमिंग और वेट लिफ्टिंग में 3 गोल्ड, 2 सिल्वर, और 11 रजत पदक के साथ कुल 16 मेडल प्राप्त किया शारीरिक शिक्षक राधेश्याम वैष्णव ने बताया कि उदलियास विद्यालय के बच्चे गांव नाम सहित भीलवाड़ा जिला का नाम भी रोशन किया ओर खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल केवल जीतने के लिए नहीं, बल्कि खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक- मानसिक विकास के लिए खेले जाते हैं। ओर प्रतियोगिताएं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने का सशक्त माध्यम हैं।



जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण समापन

चार वर्गों में हुए मुकाबले, विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का करेंगे प्रतिनिधित्व

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, बागोर में आयोजित जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का बुधवार को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। प्रतियोगिता में 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं की चार श्रेणियों में मुकाबले हुए। जिले के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ियों ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया।

प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरिया, कोचरिया, इटरिया, रूपाहेली, मांडल, एमजीजीएस मांडल, संगम स्कूल, सोफिया स्कूल एवं सेंट्रल एकेडमी भीलवाड़ा सहित विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। आयोजन में विभागीय प्रतिनिधि मुकेश कुमार जैन, उपप्रधानाचार्य राजकीय प्रेम देवी विद्यालय, बागोर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तकनीकी सलाहकार कमलेश काबरा ने तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रकाश चंद्र माली की उपस्थिति रही। चयन समिति में अंजना फतेहपुरिया ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

समापन समारोह में विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफियां प्रदान की गईं। साथ ही प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को स्वर्ण, द्वितीय स्थान वालों को रजत तथा तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि मनीष शर्मा ने प्रतियोगिता के समापन की औपचारिक घोषणा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष गढ़वाल ने अतिथियों, निर्णायकों, तकनीकी अधिकारियों, शारीरिक शिक्षकों, सहयोगी स्टाफ एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

सर्विस लेन पर मिट्टी-मलबा, हाईवे पर चल रहे स्कूली बच्चे

गुरला में हाईवे की सर्विस लेन महीनों से बदहाल, अभिभावकों में हादसे का डर





भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।

राष्ट्रीय राजमार्ग और उसकी मेंटेनेंस एजेंसी की लापरवाही के चलते गुरला में स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के सुरक्षित आवागमन के लिए बनाई गई सर्विस लेन पिछले कई महीनों से मिट्टी, मलबे, पत्थरों और झाड़ियों से अटी पड़ी है। इसके चलते बच्चों को मजबूरी में मुख्य हाईवे से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार 200 से अधिक बच्चे प्रतिदिन पैदल और साइकिल से स्कूल आते-जाते हैं। सर्विस लेन बंद होने के कारण उन्हें तेज रफ्तार वाहनों के बीच से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों का दावा है कि पिछले दो महीनों में कई बार हादसा होते-होते बचा है, जिससे अभिभावकों में भी चिंता बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि सर्विस लेन की सफाई एवं मरम्मत को लेकर मेंटेनेंस एजेंसी के अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं।

वहीं गुरला बस स्टैंड पर लगी स्ट्रीट लाइट भी करीब छह माह से बंद बताई जा रही है।

ग्रामीणों ने हाईवे की सर्विस लेन को तत्काल साफ करवाने और स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करवाने की मांग की है, ताकि स्कूली बच्चों एवं आम राहगीरों को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

गुरलां में जगह-जगह गंदगी, नालियां चोक

कचरा उठाव नहीं होने से ग्रामीण परेशान, स्वच्छता व्यवस्था पर उठे सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



स्वच्छता के दावों के बीच ग्राम पंचायत क्षेत्र में जगह-जगह फैली गंदगी ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। रास्तों, पेड़ों के नीचे और खाली स्थानों पर कचरा जमा होने से बदबू फैल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित सफाई और कचरा उठाव नहीं होने से स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।

कचरे में पॉलीथिन और प्लास्टिक होने के कारण बेसहारा मवेशी भी इसे खाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पशुओं के बीमार होने और उनके लिए खतरा बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

वहीं कई स्थानों पर नालियां कचरे से चोक हैं। बारिश के बाद गंदा पानी रास्तों पर जमा होने से कीचड़ और दुर्गंध की समस्या बनी रहती है। इससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत से नियमित सफाई, कचरा उठाव और नालियों की सफाई कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वच्छता व्यवस्था में सुधार होने पर ही गांव को गंदगी से राहत मिल सकेगी।

खजूरी पंचायत समिति में पहली बार ST महिला बनेगी प्रधान

15 वार्डों में आरक्षण की तस्वीर साफ, वार्ड 9 एसटी महिला के लिए आरक्षित; अब दावेदारों की शुरू होगी तलाश

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

नवगठित खजूरी पंचायत समिति में पहली बार अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग की महिला प्रधान बनने का अवसर मिलेगा। पंचायत समिति के 15 वार्डों के आरक्षण की तस्वीर सामने आने के बाद गांवों से लेकर राजनीतिक गलियारों तक चर्चाएं तेज हो गई हैं। खास बात यह है कि वार्ड नंबर 9 एसटी महिला के लिए आरक्षित किया गया है, जिससे प्रधान पद के लिए एसटी महिला प्रतिनिधित्व की राह खुल गई है

आरक्षण ने बदले राजनीतिक समीकरण

खजूरी पंचायत समिति के गठन के साथ ही क्षेत्र में पहली बार प्रधान पद को लेकर नई राजनीतिक संभावनाएं बन रही हैं। एसटी महिला के लिए प्रधान पद आरक्षित होने से अब राजनीतिक दलों और स्थानीय दावेदारों की नजर वार्ड 9 पर टिक गई है। आने वाले दिनों में संभावित प्रत्याशियों के नामों को लेकर गांव-गांव चर्चाओं का दौर और तेज होने की संभावना है

आरक्षण के अनुसार वार्ड 2 और 8 एससी, जबकि वार्ड 12 एससी महिला के लिए आरक्षित है। वार्ड 10 व 11 एसटी तथा वार्ड 9 एसटी महिला के लिए तय किया गया है। वहीं वार्ड 1 ओबीसी के लिए आरक्षित है

इसके अलावा वार्ड 3, 4 और 6 अनारक्षित सामान्य रखे गए हैं, जबकि वार्ड 5, 7, 13, 14 और 15 महिला वर्ग के लिए आरक्षित हैं।

पडेर में जलझूलनी एकादशी पर भव्य भजन संध्या

ठाकुर जी के बेवाण के साथ नगर भ्रमण, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।



जलझूलनी एकादशी के अवसर पर पडेर गांव में श्री विनायक नवयुवक मंडल की ओर से भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। ठाकुर जी के बेवाण के नगर भ्रमण के बाद राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में विशाल भजन संध्या आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक राजू रावल ने श्याम भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों के दौरान महिला एवं पुरुष श्रद्धालु जयकारों के साथ नाचते-झूमते नजर आए। ठाकुर जी के दर्शन एवं भजन संध्या का आनंद लेने के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच महावीर प्रसाद शर्मा एवं पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मुकेश जाट का मंडल कमेटी की ओर से माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सम्मानित नागरिकों का भी स्वागत-सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

बापूनगर की बेटियों ने क्रिकेट में हासिल किया तीसरा स्थान

70वीं जिला स्तरीय 17/19 वर्ष छात्रा क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर की छात्राओं ने 70वीं जिला स्तरीय 17/19 वर्ष छात्रा क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया।

जहाजपुर के टिटोडा जागीर में 20 से 23 सितंबर तक आयोजित प्रतियोगिता के अंतिम दिन तीसरे स्थान के मुकाबले में बापूनगर की टीम ने सोफिया स्कूल को हराकर यह उपलब्धि हासिल की।



प्रधानाचार्या सुनीता नानकानी ने बताया कि प्रतियोगिता में 17 वर्ष वर्ग की 12 और 19 वर्ष वर्ग की 15 टीमों ने भाग लिया। टीम की कप्तान खुशी और उपकप्तान भूमिका विश्नोई रहीं।

टीम में लक्ष्मी कीर, प्राची, नंदनी धोबी, तसलीमा, अंतिमा वैष्णव, आशी, जया, चंदा, कोमल, साक्षी एवं सोनाक्षी शामिल रहीं।

टीम प्रभारी अनीता व सुभागी शर्मा ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। शारीरिक शिक्षिका पुष्पा अग्रवाल, विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। लाडो स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने भी टीम की सफलता पर खुशी जताई।

सराणा और बीगोद बनी जिला चैंपियन

70वीं जिला स्तरीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, फाइनल में 2-0 से दर्ज की जीत

भीलवाड़ा फोकस @ माल का खेड़ा

(सोराज सिंह चौहान)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय माल का खेड़ा के तत्वावधान में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का बुधवार को रोमांचक फाइनल मुकाबलों के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता में 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग की बालिका टीमों ने भाग लिया और खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

17 वर्ष आयु वर्ग के फाइनल में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सराणा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दांता कलां को 2-0 से हराकर जिला चैंपियन का खिताब जीता। वहीं 19 वर्ष आयु वर्ग में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बीगोद ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गेंदलिया को 2-0 से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल के बाद पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह एवं वंदना माथुर रहे, जबकि अध्यक्षता प्रद्युम्न सिंह (हैप्पी बन्ना) ने की। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में योगदान देने वाले खेल प्रभारी शिक्षकों एवं निर्णायकों का भी सम्मान किया गया।



समारोह में प्रधान मांडलगढ़ जितेंद्र मुंदड़ा, कुलदीप सिंह शक्तावत, नवनिर्वाचित पार्षद भूमिका मेवाड़ा सहित जनप्रतिनिधि, अभिभावक, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य बंशीलाल कुम्हार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

बनकाखेड़ा में आयुर्वेद दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर

'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' थीम पर आयोजन, ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर बांटी निःशुल्क औषधियां

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। 11वें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर बुधवार को राजकीय आयुर्वेद औषधालय एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनकाखेड़ा में 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' थीम पर एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के साथ आयुर्वेद, स्वस्थ जीवनशैली, आहार-विहार और मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना से हुआ।

चिकित्सा प्रभारी डॉ. मुकेश वैष्णव ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियां वितरित कीं। उन्होंने आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के तहत संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए नियमित दिनचर्या, ऋतुचर्या एवं संतुलित आहार-विहार अपनाने पर जोर दिया। साथ ही वर्तमान मौसम में होने वाली मौसमी बीमारियों एवं उनसे बचाव के उपाय बताए।

शिविर में गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की स्क्रीनिंग के साथ मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं किशोरी बालिकाओं में



एनीमिया की जांच की गई। हीमोग्लोबिन की निःशुल्क जांच भी की गई। आरोग्य मित्रों एवं आरोग्य सखियों के साथ आयुर्वेद के महत्व पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

नर्स लॉर्ड कुमारी आचार्य ने औषधि वितरण किया। आयोजन में परिचारक शांता देवी, योग प्रशिक्षक शिव प्रकाश सुथार, एएनएम आशा धोबी, कृषि अधिकारी भूरी मीणा, आशा सहयोगिनी सहित ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शंका मन को कमजोर करती है, जिज्ञासा ज्ञान के द्वार खोलती है : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

(पुनित चपलोत) शांतिभवन में चल रहे महाप्रभावक पुच्छिस्सुणं संपुट जाप के तहत पांचवीं गाथा के सामूहिक जाप के बाद श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने कहा कि शंका मन को पूर्वाग्रह और असमंजस में उलझाती है, जबकि जिज्ञासा अज्ञान दूर कर विवेक को परिपक्व बनाती है। जिज्ञासा का उद्देश्य दोष निकालना नहीं, बल्कि विषय को सही रूप में समझना होना चाहिए।

युवाचार्यश्री ने कहा कि भगवान महावीर का ज्ञान अंतर और बाह्य दोनों को जानने वाला था। मनुष्य बाहरी परिस्थितियां देखकर धारणा बना लेता है, जबकि वास्तविकता समझने के लिए व्यापक दृष्टि आवश्यक है। उन्होंने परिवार, समाज और संघ के नेतृत्व में दूरदर्शिता की आवश्यकता बताते हुए कहा कि आने वाली दस-बीस वर्षों की चुनौतियों को ध्यान में रखकर आज से तैयारी करनी चाहिए। सामाजिक आयोजनों में अनावश्यक दिखावे के बजाय शिक्षा, चिकित्सा और भावी पीढ़ी के लिए संसाधनों का उपयोग करने पर भी उन्होंने जोर दिया।

पांचवीं गाथा में भगवान महावीर के गुणों का विवेचन करते हुए उन्होंने कहा कि राग-द्वेष ज्ञान की निर्मलता में बाधक हैं। भगवान महावीर ने राग-द्वेष से मुक्त होकर आत्मस्वरूप को प्रकट किया और विपरीत परिस्थितियों में भी समभाव बनाए रखा। उनकी साधना से ज्ञान, धैर्य और वीतरागता की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर श्रमणसंघ के प्रथम पट्टधर आचार्य आत्मारामजी महाराज की जन्म जयंती पर उनके ज्ञान और संयममय जीवन का स्मरण किया गया। युवाचार्यश्री ने कहा कि न्याय, दर्शन, ज्योतिष और आगमों के गहन अध्ययन तथा करीब 17 आगमों की व्याख्याओं से उनकी विद्वत्ता सामने आती है। उनकी जन्म जयंती की सार्थकता उनके



ज्ञान, संयम और साधना को जीवन में उतारने में है।

श्रीसंघ के मंत्री नवरतनमल भलावत ने बताया कि आगामी 11 फरवरी 2027 को पाली में राजस्थान प्रवर्तिनी सुप्रभाजी म. की निश्रा में संयम जीवन अंगीकार करने जा रहीं दीक्षार्थी हितिक्षा सिंघवी ने युवाचार्यश्री के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और दीक्षा महोत्सव में पधारने की विनती की। इस अवसर पर नवरतनमल बंब, राजेंद्र प्रसाद चीपड़, कंवरलाल सूरिया, मदनलाल चौरड़िया, सुशील चपलोत, नरेंद्र भंडारी, प्रकाश पीपड़ा, आनंद चपलोत, बाबूलाल सूरिया, सिम्मी पोखरणा, बलवीर देवी चौरड़िया, प्रमिला सूरिया, प्रमिला कोचिटा, कमला चौधरी एवं मंजू खटवड़ सहित अन्य ने दीक्षार्थी बहन का बहुमान किया।

आत्मध्यान साधना यज्ञ शिविर के संयोजक अरिहंत सिसोदिया ने बताया कि चार दिवसीय शिविर के तीसरे दिन मोदी हॉल में युवाचार्यश्री एवं साध्वीवृंद के सान्निध्य में 125 साधक-साधिकाएं मौन साधना कर रहे हैं। सूरत से आचार्य शिवमुनिजी म. द्वारा ऑनलाइन संचालित ध्यान सत्र के माध्यम से साधक बाहरी संसार से ध्यान हटाकर स्वयं के भीतर उतरने और चित्त को एकाग्र करने का अभ्यास कर रहे हैं।

QUICK BITES

संगतपुरीया में मनाया आयुर्वेद दिवस

'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' थीम पर हुआ आयोजन, विद्यार्थियों को ऋतुचर्या, आहार-विहार व औषधीय जड़ी-बूटियों की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं राजकीय आयुर्वेद औषधालय संगतपुरीया में बुधवार को 11वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को आयुर्वेद के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली, ऋतुचर्या, संतुलित आहार-विहार और औषधीय जड़ी-बूटियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आयुर्वेद को दैनिक जीवन में अपनाने के साथ स्वस्थ भविष्य के लिए इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस की थीम 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' रखी गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य आयुर्वेद की प्राचीन परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ भविष्य की स्वास्थ्य आवश्यकताओं के अनुरूप साक्ष्य आधारित अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देना और आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा प्रणाली के साथ समन्वित करना है।

कार्यक्रम में नर्स-कंपाउंडर मीना कुमारी मीणा ने ऋतुचर्या एवं आहार-विहार के संबंध में सामान्य जानकारी दी। उन्होंने आयुर्वेद के प्रमुख सिद्धांतों के साथ विभिन्न उपयोगी जड़ी-बूटियों के बारे में भी बताया। योग प्रशिक्षक चेतन प्रकाश लोधा ने योग के महत्व एवं नियमित योगाभ्यास से होने वाले लाभों की जानकारी दी।

इस दौरान परिचारक हीरालाल बलाई द्वारा आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम जीएसएस के व्यवस्थापक महावीर प्रसाद जोशी, व्यवस्थापक चंद्रवीर सिंह सहित विद्यालय के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

70वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में शिवदेव सिंह राणावत ने जीते 2 स्वर्ण व 1 रजत पदक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,



विटी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेंद्र मार्ग के कक्षा 11 के प्रतिभावान छात्र शिवदेव सिंह राणावत ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए। शिवदेव सिंह ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण एवं एक रजत पदक जीतकर विद्यालय एवं जिले का मान बढ़ाया।

शिवदेव सिंह राणावत ने 100 मीटर फ्री स्टाइल एवं 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक स्पर्धा में उन्होंने रजत पदक अपने नाम किया।

छात्र की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गहलोत ने शिवदेव सिंह राणावत का पारंपरिक रूप से उपरणा ओढ़ाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गहलोत ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन एवं आत्मविश्वास का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि शिवदेव सिंह की यह स्वर्णिम सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

समारोह के दौरान उप प्रधानाचार्य धीरज कुमार जोशी, राउमावि बड़ा महुआ के प्रधानाचार्य अटल बिहारी वैष्णव, शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक ज्योति खटीक, विक्रम चौधरी एवं मीडिया प्रभारी प्राध्यापक सत्येन्द्र माली उपस्थित रहे।

जिला स्तर पर शानदार प्रदर्शन, पीएम श्री बाकरा विजेता

बाकरा क्षेत्र के 7 खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन, उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रावतों का बाड़िया, आसिंद में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान हासिल कर प्रतियोगिता अपने नाम की। खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन ने विद्यालय सहित पूरे पंचायत क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पीएम श्री बाकरा के चार खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। इनमें धनराज कंजर, अभय कुमार कंजर, ईशान कुमार ढोली और रजनीकांत कंजर शामिल हैं।

वहीं पंचायत क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उरना से मोहित मीणा और खुशी मीणा तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शेरपुरा से अंकुशराज मीणा का भी राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है। इस तरह पंचायत क्षेत्र से कुल 7 खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर जगह बनाई है छात्र छात्राओं ने शिक्षकों सहित कोच नमन मीणा को जीत का श्रेय दिया इस दौरान सत्यनारायण सेन , दीपक पाराशर , महावीर साहू ,शारीरिक शिक्षक यशवंत मीणा ,शिकेंद्र कुमार कंजर , मौजूद रहे

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।